Principal Contact No. – 9412189331

राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर, बरेली

एन0एच0– 30, शाहजहाँपुर रोड, बरेली– 243503

(Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly, UP)

website: www.gdcfaridpur.com Email: gdcfaridpur07@gmail.com

रा.म.फ.ब. / 2025–26

आवश्यक सूचना

शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्र संख्याः डिग्री विकास / 3098–3102 / 2025–26 दिनांक 06.03.2026 के अनुपालनार्थ महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) के पोर्टल पर आप सभी का नामांकन किया जाना अनिवार्य है।

अतः समस्त छात्र–छात्राए निर्धारित गूगल लिंक https://ebsb.aicte-india.org/ पर नामंकन कर महाविद्यालय कार्यालय को अवगत करना सुनिश्चित करें। सूच्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित गूगल फार्म (लिंक वैबसाइट पर उपलब्ध) भी भरना अनिवार्य है।

दिनांकः 14.03.2026

14/03/26

प्रो0 (डॉ0) पूनम सक्सैना
का0 प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय,
फरीदपुर, बरेली।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
फरीदपुर (बरेली)

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01– समस्त विषय / विभाग प्रभारी उक्त आदेशानुसार छात्र–छात्राओं का नामांकन कराने हेत आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपने विषय से सम्बन्धित ग्रुप आदि के माध्यम से अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं को अवगत कराने का कष्ट करें।

02– डॉ0 दिलीप कुमार चौरसिया (मीडिया प्रभारी), उक्त से सम्बन्धित सूचना को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें ताकि अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं का नामांकन हो सकें।

03– श्री सुमित कुमार (कार्यालय प्रभारी), उक्त सूचना महाविद्यालय वैबसाइट पर अपलोड कर नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

14/03/2026

का0 प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय,
फरीदपुर, बरेली।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
फरीदपुर (बरेली)

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

ई – मेल/तत्काल

सेवा में,

1. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।**
2. **समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।**

पत्रांकः- डिग्री विकास/ 3098 /2025 – 26 दिनांक – 06 / 03 /2026

विषय – युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के पोर्टल पर छात्र – छात्राओं द्वारा नामांकन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 225/सत्तर – 3 – 2026 – 2029275 दिनांक 06 मार्च, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत के पोर्टल पर छात्र – छात्राओं द्वारा नामांकन किये जाने के सम्बन्ध में है।

प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में आपको अवगत कराना है कि युवा संगम, एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) प्रोग्राम के तहत एक पहल है, जिसे अलग-अलग राज्यों/UTs के लोगों के बीच बातचीत को मज़बूत करने और आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवा संगम एक एजुकेशन-कम-कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तौर पर काम करता है जिसका मकसद भारत की समृद्ध विविधता का जश्न मनाना है और यह पाँच मुख्य थीम वाले एरिया के आस-पास बना है। ये हैं: पर्यटन (टूरिज्म), परंपरा (ट्रेडिशन), प्रगति (डेवलपमेंट), प्रोद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) और परस्पर संपर्क (पीपल-टू-पीपल कनेक्ट)।

युवा संगम फेज़ VI के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 2 मार्च 2026 से युवा संगम पोर्टल: https://ebsb.aicte-india.org/ के माध्यम से शुरू हो चुके हैं। कल्चरल-कम-एजुकेशनल टूर अप्रैल-जून 2026 के लिए तय हैं।

उक्त के सम्बन्ध में आज शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के साथ संपन्न वर्चुअल बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से अधिक से अधिक छात्र – छात्राओं का नामांकन कराते हुए नामांकित छात्र एवं छात्राओं की संख्या (निर्धारित प्रारूप पर) एवं कृत कार्यवाही की आख्या **क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 dhedegreevikas@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रकरण शासन की प्राथमिकता में है अतएव व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

संलग्नक – यथोक्त।

भवदीय,

6/3/26

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ 3098 - 3102 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालयों से सूचना संकलित कर समेकित सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. समस्त प्राचार्य, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त के क्रम में कार्यवाही करते हुए अपने क्षेत्रान्तर्गत **क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से** ही सूचना प्रेषित करायें।
4. तकनीकी सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र को वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करायें।

6/3/26

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।